# रणजीत टाइम्स

इंदौर

सोमवार, 2 जून, 2025

वर्ष 01 | अंक 142 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


## सूक्ष्म शरीर के ज्ञान द्वारा ही उत्क्रांति के निरानंद की प्राप्ति संभव है



हम क्या हैं? हमारे अन्दर कौन-कौन सी व्यवस्था परमात्मा ने की है, और किस मशीन के कारण, किस तन्त्र के द्वारा हम परमात्मा को प्राप्त होंगे ? सहजयोग में आत्मसाक्षात्कार प्राप्ति के पश्चात् साधक इसे स्वयं ही अनुभव कर सकते हैं।- उत्क्रान्ति के अन्तिम भेदन तक पहुँचने के लिये हमारे शरीर में सूक्ष्म तन्त्र विद्यमान हैं।

नाड़ीतन्त्र : हमारे नाड़ीतन्त्र में तीन मार्ग हैं-

1 बायीं ओर का मार्ग ईड़ा नाड़ी कहलाता है। यह सूक्ष्म नाड़ी है जो बायें अनुकम्पी नाड़ी तन्त्र का पोषण करती है। इसे चन्द्र नाड़ी भी कहते हैं। यह मार्ग हमारे भावनात्मक तथा हमारे भूतकाल की रचना करता है। अवचेतन मन इसी मार्ग द्वारा सूचना प्राप्त करता है।

2 दायें मार्ग को पिंगला नाड़ी कहते है यह मार्ग दायें अनुकम्पी नाड़ीतन्त्र के लिये कार्य करता है। पिंगला नाड़ी शरीर-मस्तिष्क के लिये कार्य करती है अर्थात मानव के बुद्धिवादी कार्यों के लिये । दायें भाग में अतिचेतन मन है जो हमारे भविष्य की रचना करता है। यह सूर्य नाड़ी है।

3 बीच का पथ सुषुम्ना कहलाता है। इसी रास्ते से ब्रह्मरन्ध्र का भेदन करने के लिये तथा सर्वव्यापक शक्ति की सूक्ष्म ऊर्जा में प्रवेश करने के लिए कुण्डलिनी गुज़रती है। चक्र - हमारे उत्थान मार्ग (सुषुम्ना मार्ग) पर सात सूक्ष्म ऊर्जा चक्र हैं। कुछ सहायक चक्र भी हैं। हमारी विकास प्रक्रिया के दौरान इन सूक्ष्म चक्रों का सृजन हुआ।

1 मूलाधार चक्र (श्रोणीय Pelvic )

2 स्वाधिष्ठान चक्र (महाधमनी Aortic )

3 नाभि चक्र ( भवसागर Void )

4 अनाहत चक्र (हृदय Cardiac )

5 विशुद्धि चक्र (Cervical Plexus )

6 आज्ञा चक्र (पीयुष और शंकुरूप ग्रन्थियाँ- Pituitary & Pineal Glands)

7 सहस्त्रार चक्र (ब्रह्मरन्ध्र - Fontanelle)

कुण्डलिनी - कण-कण में व्याप्त हो जाने वाली सूक्ष्म शक्ति (परम- चैतन्य) से हमारा सम्बन्ध जोड़ने के लिये एक शुद्ध इच्छा-शक्ति है जिसे मनुष्य की पावन अस्थि में रखा गया है। यही कुण्डलिनी कहलाती है। यह कुण्डलाकार होती है। यह साढ़े तीन कुण्डलों में विद्यमान है। कुण्डलों का भी देवी गणितीय महत्व है। पावन त्रिकोणाकार अस्थि 'सेक्रम बोन' कहलाती है। यह पवित्र अस्थि मेरुरज्जु (रीढ़) के आधार पर स्थित है।

आत्मा : हमारे अस्तित्व में एक 'स्वचालित ऑटोनोमस नर्वस सिस्टम कार्यरत है। यह 'स्व' आत्मा है जो इस स्वचालित नाड़ीतन्त्र को चला रहा है। यह आत्मा हर मनुष्य के हृदय में निवास करती है। आत्मा, परमात्मा का प्रतिबिम्ब है, जबकि कुण्डलिनी परमात्मा की शक्ति का प्रतिबिम्ब है। इस सूक्ष्म तंत्र को सहजयोग ध्यान के माध्यम से सहज ही अनुभव किया जा सकता है तथा इसकी जागृति भी। सहजयोग पूर्णतया निःशुल्क है। सहजयोग द्वारा आनंद और अनगिनत लाभ लेने हेतु आप जानकारी निम्न साधनों से पा सकते हैं। टोल फ्री नं – 1800 2700 800। बेवसाइट - sahajayoga.org.in यूट्यूब चैनल – लर्निंग सहजयोगा

### क्राईम ब्रांच इंदौर पुलिस की बड़ी कार्यवाही

# राजस्थान राज्य के MD ड्रग्स तस्कर आरोपीगण गिरफ्तार







आरोपीयों के कब्जे से लगभग 255 ग्राम अवैध मादक पदार्थ "MD ड्रग्स (अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 2 करोड़ 50 लाख रुपए), 01 मोटरसाइकिल, 02 आईफोन जप्त, आरोपियों प्रतापगढ़ (राजस्थान) से सस्ते दामों पर लाकर इंदौर एवं आसपास के क्षेत्रों में अधिक दामों पर, MD ड्रग्स बेचना का था इरादा। आरोपी ने पूछ ताछ में बताया कि उसके गांव कोटडी (प्रतापगढ़) में ज्यादातर लोगों का कार्य MD ड्रग्स तस्करी है। आरोपियों का पुलिस रिमांड प्राप्त करने सहित साथी आरोपी गैंग के सम्बन्ध में पूछताछ हेतु की जा रही है क्राईम ब्रांच के द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्यवाही। इंदौर क्राईम ब्रांच के द्वारा वर्ष 2025 में (01 जनवरी से आज दिनांक तक) 46 प्रकरणों में 84 ड्रग्स तस्करों के विरुद्ध कार्यवाही कर करीब 536 ग्राम ब्राउन शुगर, 1 किलो 194 ग्राम MD ड्रग्स, 1 किलो 49 ग्राम चरस, 49.5 किलो गांजा, 9 लाख 33 हजार अल्प्राजोलम टैबलेट्स, 5 हजार 640 कोडीन सिरप (अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 11 करोड़ रुपए) जप्त कर कार्यवाही की गई है।

**अपराध क्रमांक 103/2025 धारा- 8/22**

घटना स्थल- रेलवे अंडर ब्रिज के पास, MR 4 रोड इन्दौर

### आरोपी का नाम

(1). नसीब खान उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम कोटडी, प्रतापगढ़ (राजस्थान)

▪ BA सेकंड ईयर तक पढ़ा है और खेती किसानी का कार्य के साथ साथ करीब 1 वर्ष से ड्रग्स तस्करी करना बताया, आदतन आरोपी के विरुद्ध रतलाम जिले में MD ड्रग्स के अपराध में जेल जाना कबूला है।•

(2). साहिल मंसूरी उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम कोटडी, प्रतापगढ़ (राजस्थान)

▪ 8वी तक पढ़ा है और किराने की दुकान चलाना के साथ–साथ ड्रग्स तस्करी करना कबूला।•

जब्त माल का विवरण :- 255 ग्राम "MD ड्रग्स", 01 मोटरसाइकिल, 02 आईफोन।

### घटना का विवरण

प्रदेश में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं इनकी गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही कर इनके नेटवर्क को नेस्तनाबूत करने के सख़्त निर्देश माननीय मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश शासन द्वारा दिये गए हैं। इसी तारतम्य में इंदौर पुलिस कमिश्नर श्री संतोष सिंह के निर्देशन में इंदौर क्राईम ब्रांच विशेष अभियान चलाकर लगातार अवैध नशे पर कड़ा प्रहार कर रही है। इसी अनुक्रम में क्राइम ब्रांच टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि रेल्वे ब्रिज के नीचे MR 4 रोड इन्दौर में, राजस्थान के दो व्यक्ति नसीब ओर साहिल, MD ड्रग्स की तस्करी करने आने वाले है, मुखबिर सूचना को सच मानकर क्राईम ब्रांच टीम के द्वारा उक्त स्थान पर एक संदिग्ध मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति आते दिखे जो पुलिस को देख घबराने भागने का प्रयास करते मोटरसाइकिल गिर गए और उनके पैरों में चोट भी आई , पूछताछ पर आरोपीयो के द्वारा अपना नाम (1). नसीब खान निवासी प्रतापगढ़ राजस्थान एवं (2).साहिल मंसूरी निवासी प्रतापगढ़ (राजस्थान) का होना बताया । आरोपीयो ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि राजस्थान से MD ड्रग्स सस्ते दामों पर लाकर शहर में सप्लाई करने का था इरादा।आरोपी के कब्जे से 255 ग्राम "MD ड्रग्स", 01मोटरसाइकिल, 02 आईफोन जप्त कर, आरोपीयो के विरुद्ध थाना अपराध शाखा में अपराध क्रमांक 103/25 धारा 8/22 NDPS एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर, विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं ।

# मन की शांति का आधार भौतिकवादी दृष्टिकोण नहीं हो सकता : श्री माताजी

**दैनिक रणजीत टाइम्स**



विश्व की वर्तमान स्थिति पर यदि दृष्टिपात किया जाए तो हम पाते हैं कि अलग अलग संगठन विश्व शांति की बात करते हुए दिखाई देते हैं परन्तु वास्तव में विश्व शांति कहीं दिखाई नहीं देती। जिन देशों के प्रतिनिधि विश्व शांति की स्थापना का प्रयास करते हैं वे ही दूसरे देशों को दबाने का, परमाणु हथियारों का संग्रह करने का कार्य करते हुए दिखाई देते हैं। यह स्थिति विश्व स्तर से प्रारंभ होकर परिवार रूपी छोटी इकाई तक हर ओर है। परिवार से भी आगे प्रत्येक व्यक्ति भी आज इस स्थिति से गुजर रहा है। मानव, जीवन की आपाधापी से तंग आकर शांति की प्राप्ति का प्रयास करता है। छुट्टियों पर जाना, मेडिटेशन कक्षाओं से जुड़ना, तीर्थ यात्राएं, व्रत- उपवास, अन्य अनेक साधन शांति पाने का ही प्रयास होते हैं। परिणाम शून्य ना भी तो भी संतोषजनक नहीं होता है। कारण मात्र एक ही है बेकाबू मन का घोड़ा और उस पर सवार अहंकार। अहंकार का जन्म मन की असीमित इच्छाओं से होता है और अहंकार की तुष्टि न होने पर मनुष्य या तो आक्रामक हो जाता है या निराश। परंतु इस सृष्टि के वास्तविक सत्य से अनभिज्ञ मानव ये नहीं समझ पाता कि मन की शांति का आधार प्रेम व करुणा होती है तथा शांति बाह्य प्रयासों से नहीं पाई जा सकती यदि आप भीतर से संतुष्ट हैं तो कपड़े बुनते हुए भी कबीर हो सकते हैं या जूते गांठते हुए रैदास। सहजयोग संस्थापिका श्री माताजी निर्मला देवी जी ने मन की शांति की सहजयोग में महत्ता का वर्णन कुछ इस प्रकार किया है कि, "हमें लोगों को प्रेम, करुणा, स्नेह व आत्म-सम्मान के साथ जीतना होगा। जब हम कहते हैं कि यह एक विश्व धर्म है, हम इस वैश्विक धर्म ( सहजयोग ) से संबंधित हैं, तो पहली और सबसे महत्वपूर्ण चीज़ यह है कि शांति इस धर्म का सार-तत्व है। शुरुआत करने के लिए, शांति हमारे अंदर होना आवश्यक है। आपको अपने अंदर शांत होना होगा। यदि आप शांत नहीं हैं, यदि आप अपने अहंकार के साथ चालाकियां कर रहे हैं, यदि आप मात्र यह कह कर अपने आप को तसल्ली दे रहे हैं कि मैं शांत हूँ, तो आप बुरी तरह से गलतफहमी में हैं। शांति का अपने अंदर ही आनंद लेना होगा। इसे आपको अपने अंदर महसूस करना होगा। अतः आप अपने आप को झूठी तसल्लियां न दें। अपने अंदर झूठी धारणाएं न पालें। अपने आप को धोखा न दें। आपको शांति को अपने अंदर खुद महसूस करना होगा।" (7 फरवरी 1985) सहजयोग में कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार की प्राप्ति के पश्चात् अहंकार की समाप्ति स्वयं ही हो जाती है और सहज रूप से मन में शांति की प्राप्ति होती है।

सहजयोग से संबंधित जानकारी निम्न साधनों से प्राप्त कर सकते हैं। सहजयोग पूर्णतया निशुल्क है। टोल फ्री नं – 1800 2700 800 बेवसाइट - sahajayoga.org.in

# गांव गैर माता का पूजन हुआ



**दैनिक रणजीत टाइम्स**

**राजेंद्र मालवीय**

हातोद। गुलावत गांव में शीतला माता की असीम कृपा से 12 वर्षों के बाद गांव गैर माता का पूजन हुआ इस अवसर पर हजारों की संख्या में महिला पुरुष बच्चे उपस्थित थे और माता जी की जय जयकार कर रहे थे। मध्य प्रदेश टंट्या मामा आदिवासी सेना के प्रदेश अध्यक्ष चंदन सिंह मकवाना ने अपने उद्बोधन में माताजी की जय जयकार करते हुए उपस्थित हुए समस्त भक्त जनों का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर मुख्य रूप से राजस्थान से पधारे हजारीलाल गागल गिरधारी लाल जी नंदू लाल जी नाना राम जी हरिराम जी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### क्वालीफायर श्रेयस अय्यर की कप्तानी पारी

# बन गए वन मैन आर्मी, फाइनल में पहुंची पंजाब, मुंबई को दिखाया घर का रास्ता




**दैनिक रणजीत टाइम्स**

IPL 2025 का दूसरा फाइनलिस्ट तय हो चुका है. अब पंजाब किंग्स ( PBKS ) और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ( RCB ) के बीच खिताबी जंग कल रात देखने को मिलेगी. आज देर रात अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में PBKS ने श्रेयस अय्यर की मैच विनिंग पारी के दम पर मुंबई इंडियंस ( MI ) को बाहर का रास्ता दिखा दिया है. PBKS ने 5 विकेट से क्वालीफायर-2 में जीत दर्ज की. श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था. MI की तरफ से सूर्या कुमार यादव और तिलक वर्मा ने 44-44 रन की पारियां खेलीं. वहीं, बेयरिस्टो ने 37 जबकि नमन धीर ने 38 रन ठोक टीम के स्कोर को 203 तक पहुंचा दिया. जवाब में PBKS ने ताबड़तोड़ अंदाज में शुरुआत की. इंग्लिस ने 21 गेंद में 48 रन ठोके. नमन धीर ने 29 गेंद में 48 रन की धमाकेदार पारी खेली. इसके बाद श्रेयस अय्यर ने MI की उम्मीदों पर पानी फेरा. अय्यर ने महज 41 गेंद में 87 रन की बेजोड़ पारी खेली जिसमें 8 छक्के और 5 चौके जमाए. अय्यर की इस पारी के दम पर PBKS ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

# तंबाकू सिगरेट गुटके का पुतला जलाकर मनाया तंबाकू निषेध दिवस

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

मां शारदा अकादमी के परिसर में सामाजिक संस्था प्रज्ञा सागर प्रबुद्ध संघ द्वारा शांति नगर पर आज संस्था के सेवाभावी साथियों एवं शारदा एकेडमी के शिक्षक परिवार तथा छात्रों ने तंबाकू सिगरेट गुटके का पुतला जलाया इस अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित शिक्षक हरिराम चौहान अकादमी संचालक सुधीर वर्मा जी संतोष यादव जी काईद जौहर की जाकिर भाई रोहित डोलिया जी राजेश पवार जी महूगांव सेवा



सहकारी साख संस्था के पूर्व डायरेक्टर मुकेश चौहान जी उदय माल उदय सिंह मालवीय जी कमल चौधरी जी आर एस रावत सहित अनेक व्यक्ति उपस्थित थे इस अवसर पर श्री हरिराम चौहान सर ने तंबाकू गुटका एवं सिगरेट से होने वाले होने वाले बीमारी एवं नशा शरीर को किस प्रकार से कमजोर करती हैं इस पर ज्ञानवर्धक प्रकाश डाला कार्यक्रम आयोजन संस्था प्रमुख जगमोहन सोन कार्यक्रम का संचालन किया एवं आभार माना हाजी अज्जू भाई ने।

## सुपर कॉरिडोर स्थित पवन टेकरी पर शत्रुघ्न महाराज के द्वारा 7 दिनी महायज्ञ का आयोजन होगा

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

इंदौर। सुपर कॉरिडोर स्थित पवन टेकरी पर शत्रुघ्न महाराज के द्वारा 7 दिन महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा जिसमें बालक दास रामायण जी महाराज श्री राम चरण दास जी महाराज बजरंगदास महा त्यागी श्यामसुंदर दास जी महाराज प्रेमदास जी महाराज पवन दास जी महाराज हनुमान दास जी रघुनाथ जी महाराज भरत दास जी महाराज उपस्थित होंगे यज्ञ के बाद 5 जून को भंडारे का आयोजन भी होगा।




## भागचंद जैन लायंस क्लब सनावद स्नेह के अध्यक्ष मनोनीत





**दैनिक रणजीत टाइम्स**

**आशीष शर्मा**

सनावद / समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी लायंस क्लब सनावद स्नेह की नवीन कार्यकारिणी का सर्वानुमति से गठन किया गया। भागचंद जैन अध्यक्ष,अनिल अरझरे उपाध्यक्ष, द्वितीय उपाध्यक्ष आरती पाटिल विपिन गुप्ता सचिव, डॉ.श्वेता पंचोलिया एवं रेखा जैन कोषाध्यक्ष मनोनीत किए गए। इसी प्रकार हितेश पंड्या सहसचिव,भारती परिहार सह कोषाध्यक्ष,माया मंडलोई टेमर,शिवानी मौर्य टेल ट्विस्टर,अनिता चौधरी एवं सुधा लाठिया जीएमटी चेयरमैन,ललित कोचर,ललिता कोचर जीएलटी चेयरमैन अनुपमा वर्मा,रेखा अत्रे जीएसटी चेयरमैन,रजत जैन,सपन जैन एलसीआईएफ चेयरमैन,डॉ.राहुल जैन स्वस्तिक पीआरओ,डॉ.महेश चौहान,ज्योति चौहान क्लब एक्सटेंशन चेयरमैन,विजय राठौर एवं संदीप गंगराड़े सेवा शपथ चेयरमैन, एमजेएफ लायन अनिता जैन,रेणुका गुप्ता,राजेश जटाले,रजनीश जैन क्लब डायरेक्टर मनोनीत किए गए। उषा पारीख एवं सभी क्लब के सदस्ययो ने बधाईया दी।

## मण्डलेश्वर में श्रुत पंचमी पर्व धूमधाम से मनाया गया

**दीपक तोमर**

**दैनिक रणजीत टाइम्स**




मण्डलेश्वर ।आज, जेष्ठ शुक्ल पंचमी के पावन अवसर पर मण्डलेश्वर के जैन धर्मावलंबियों ने श्रुत पंचमी का पर्व बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया। यह दिन जैन धर्म के महत्वपूर्ण शास्त्रों की रचना के स्मरण में मनाया जाता है, जिनकी रचना आचार्य पुष्पदंतजी और भूतबलीजी ने की थी।इस अवसर पर नगर के दोनों पार्श्वनाथ मंदिरों में विशेष आयोजन किए गए। प्रातःकाल, जिनवाणी के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करने के लिए, दोनों मंदिरों के शास्त्रों को पालकी में रखकर भव्य जुलूस निकाला गया। इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जो भक्तिमय गीतों और नारों के साथ चल रहे थे। मंदिरों में पहुँचने के पश्चात, सामूहिक पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से आराधना की। संध्या आरती के बाद, ज्ञानवर्धक प्रश्न मंच का आयोजन किया गया, जिसमें धर्म और शास्त्रों से जुड़े प्रश्न पूछे गए और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। श्रुत पंचमी का यह पर्व ज्ञान और श्रद्धा के संगम का प्रतीक बना, जिसमें सभी ने मिलकर धर्म के महत्व को समझा और मनाया।

## छत्रपति शिवाजी महाराज पर आधारित डाक टिकट संग्रह की विस्तृत फिलेटलिक प्रदर्शन एवं संबोधन : आलोक खादीवाला द्वारा







**दैनिक रणजीत टाइम्स**

इंदौर फिलेटलिक सोसाइटी एव इंदौर न्यूरोमिस्टिक सोसाइटी दिनांक 1 जून 2025, इंडियन कॉफी हाउस रीगल चौराहा ,इंदौर अहिल्याबाई होल्कर की 300 वी जयंती के उपलक्ष में यादगार सभा संपन्न हुई। आज की सभा के सभापति श्री अशोक दुबे रहे। नए सदस्य श्री सुनील खंडागले का सम्मान किया गया । श्री गिरीश कुमार आदित्य द्वारा न्यूरोमिस्टिक पर संबोधन।

श्री आलोक खादीवाला द्वारा भारतीय इतिहास के महानायक छत्रपति शिवाजी महाराज के डाक टिकट एल्बम का प्रदर्शन एवं संबोधन किया। प्रोफेसर शिवम चतुर्वेदी द्वारा प्राचीन पांचाल जनपद के सिक्कों पर संबोधन किया अध्यक्ष श्री रविंद्र नारायण पहलवान द्वारा इंदौर फिलेटलिक सोसाइटी एवं इंदौर न्यूरोमिस्टिक सोसाइटी के सदस्यों को बैज प्रदान किए श्री राजेंद्र अग्रवाल के सौजन्य से उपहार का वितरण किया । श्री राजेश शाह द्वारा नए सदस्यों को उपहार का वितरण किया। श्री नरेंद्र अग्रवाल द्वारा सभा प्रारंभ की घोषणा की । श्री लक्ष्मीकांत जैन द्वारा अच्छे स्वास्थ्य की प्रार्थना। सभा का संचालन श्री राजेश शाह ( कार्यकारी अध्यक्ष) ने किया। आज की सभा में डॉ. मेजर गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित थे।। आभार श्री एस.जी मेहता ने किया

# देवी अहिल्या की 300 वीं जयंती पर क्रिश्चियन कम्युनिटी के बीच पहुंचा राजपरिवार

## हैरिटेज बचाने के लिए सहयोग देंगे युवराज

दैनिक रणजीत टाइम्स

**दीपक तोमर**

मंडलेश्वर। देवी अहिल्या की 300 वीं जयंती पर होल्कर राजपरिवार महेश्वर द्वारा अन्नदान करने का पुण्य कार्य किया गया।मां अहिल्या के शुभ जन्म दिन पर मंडलेश्वर की क्रिश्चियन कम्युनिटी को राज परिवार की ओर से भोज दिया गया।यह आयोजन 31 मार्च को मंडलेश्वर स्थित थेकरे मेमोरियल चर्च में सम्पन्न हुआ।राजपरिवार द्वारा रविवार को मंडलेश्वर क्रिश्चियन कम्युनिटी से चर्च में भेंट की गई।चर्च पहुंचने पर राज परिवार का स्वागत कम्युनिटी के सचिव सुशील बारलो द्वारा किया गया पास्टर आकाश बारलो ने राज परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना की राजपरिवार के महाराजा शिवाजी राव होलकर द्वितीय , युवराज यशवंतराव होलकर तृतीय महारानी नायरिका राजे होलकर राजकुमारी चंद्रावती होलकर राजकुमार मार्तण्ड राव होलकर ने चर्च की प्रार्थना के बाद एक बालिका स्वतंत्र दयाल की पोती और प्रसिद्ध मॉडल अनुष्का दयाल की भतीजी कियाना दयाल का बर्थ डे भी सेलिब्रेट किया।इस अवसर पर महाराजा शिवाजी राव होलकर ने सभी लोगों को मां अहिल्या की जयंती पर शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि देवी मां अहिल्या के राज में हर व्यक्ति खुशहाल था वे समाज के हर व्यक्ति का ध्यान रखती थी धार्मिक कार्यों के अलावा उनके द्वारा समाज के गरीब वर्ग के लिए भी बहुत कार्य किए गए।इस अवसर पर नितिन जॉर्डन, स्वतंत्र दयाल रितेश मसीह विपिन जैन जीतू मुरियाडन क्रिस्टीन सहित बड़ी संख्या में ईसाई समुदाय के लोग उपस्थित थे।



### मंडलेश्वर क हेरिटेज को बचाने की पहल करेंगे युवराज

मंडलेश्वर में होलकर राजपरिवार के सदस्य युवराज यशवंत राव होलकर से जब इतिहासकार दुर्गेश राजदीप ने मंडलेश्वर स्थित रेजिडेंट हाउस के बारे में चर्चा की तो युवराज ने होलकर हेरिटेज मैनेजमेंट को इसकी जानकारी उपलब्ध कराने को कहा।युवराज ने कहा कि जहां जहां भी होलकर परिवार से संबंधित धरोहर है उसका संरक्षण किया जाएगा।दुर्गेश राजदीप ने बताया कि मंडलेश्वर स्थित महात्मा गांधी शासकीय स्कूल पहले रेजिडेंट हाउस कहलाता था जहां से अंग्रेजो ने पूरे निमाड़ पर शासन चलाया था। 1857 की क्रांति में यहां भीमा नायक की सेना ने अंग्रेजी सेना को परास्त किया था।उसके बाद नगर होलकर स्टेट के अधीन आ गया था महाराजा तुकोजीराव होलकर को इसी भवन में नजर बंद किया गया था । 1942 में इस भवन में होलकर स्टेट के डी आय जी का मुख्यालय और आवास था।अब इस भवन में शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल संचालित हो रहा है।लेकिन इसकी हालत जर्जर हो रही हैं इसलिए इस भवन को पुरातत्व विभाग को सौंप कर इसका जीर्णोद्धार कराया जाना चाहिए।

# लोक माता अहिल्याबाई होलकर जन्मोत्सव पर खनियांधाना नगर में निकाली ऐतिहासिक भव्य शोभायात्रा

## पाल बघेल समाज ने रैली निकाल दिया एकता का संदेश

दैनिक रणजीत टाइम्स

**जगदीश पाल**

खनियाधाना( शिवपुरी )जिले के खनियांधाना नगर में अहिल्याबाई होलकर जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया खनियांधाना नगर के हर चौक- चौराहों पर लगी महापुरुषों की प्रतिमाओं पर पाल बघेल समाज के लोगों ने माल्यार्पण किया अहिल्याबाई होलकर जन्मोत्सव कार्यक्रम के दौरान एक आयोजित आमसभा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पिछोर विधायक प्रीतम सिंह लोधी ने पाल बघेल समाज को संबोधित करते हुए कहा कि ये पाल बघेल समाज एक ईमानदार व वफादार -दमदार समाज है विधायक बोले आप सौभाग्यशाली हो जो अहिल्याबाई होलकर के वंशज हैं जिन्होंने ऐतिहासिक कार्य किए आज पूरा देश लोक माता अहिल्याबाई होलकर जन्मोत्सव मना रहा है विधायक लोधी ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर के पुनीत कार्य के लिए आप कुछ भी अच्छा करिए पैसे की कोई कमी नहीं आएगी आपका विधायक आपके साथ कभी भी याद करना आपके पाल बघेल समाज के लिए खड़ा मिलेगा विधायक ने 10-12वी में पाल बघेल समाज के बच्चों को सर्वोत्तम अंक हासिल करने वालों को भी सम्मानित किया इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि प्रहलाद सिंह यादव ने अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें उनके पद चिन्हों पर चलना चाहिए न्याय देवी थी इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि जगत सिंह बघेल ने की इस अवसर पर अशोक सिंह यादव, पंजाब सिंह लोधी,विवेक यादव, ओमकार पाल शिक्षक, सुदामा पास शिक्षक, प्रीतम पाल शिक्षक, धनीराम पाल,विजयराम पाल , कल्यान पाल बंटी पाल,पवन पाल , रामपाल पाल,परमाल सिंह बघेल, सेन पाल ,रामनिवास पाल,दीपक पाल, बृजेन्द्र पाल ,भरत बघेल रामनिवास बघेल चित्रोदी के अलावा हजारों की संख्या में पाल बघेल समाज के लोग उपस्थित रहे मंच का संचालन आशीष पाल ने किया।







# मां अहिल्यादेवी के 300 जन्मोत्सव पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित हुई



इंदौर वार्ड क्रमांक 6 में मां देवी अहिल्या बाई होलकर जी के 300 जन्मोत्सव पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित हुई। मुख्य अतिथि इंदौर नगर निगम कमिश्नर श्री शिवम वर्मा जी थे इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद संध्या यादव जी ए, जी,ओ एम यू एस ई फाउंडेशन के कार्यकर्ता वर्षा मालवीय नितिन परियार शिवम नेहा सोलंकी लकी देवलिया उपस्थित थे। कमिश्नर महोदय ने एनजीओ कार्यकर्ताओं की वार्ड के निर्माण 6 में अच्छे कार्य के लिए प्रशंसा की।

# विकास कार्यों से प्रभावित होकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन

## विधायक श्याम बरडे का शानदार अभिनंदन से मतराला के खयड़ां फलिया में हुआ ऐतिहासिक स्वागत

**दैनिक रणजीत टाइम्स**



पानसेमल । विधायक श्यामजी बरडे ग्राम पंचायत मतराला के खयड़ां फलिया पहुंचे, जहाँ उन्होंने क्षेत्रवासियों के लिए कई विकास कार्यों की सौगात दी। विधायक श्याम बरडे के सहज, सरल और आत्मीय स्वभाव के साथ-साथ उनके द्वारा क्षेत्र में कराए जा रहे जनहितकारी कार्यों से प्रभावित होकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजूभाई जाधव, गुरुजी दशरथ जाधव विनोद जाधव एवं चामा जाधव के नेतृत्व में पूरे फलिया के युवा साथी माता बहनों तथा कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल रहा और सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने विधायक का पुष्पहारों से भव्य स्वागत किया और उनके द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों के लिए आभार प्रकट किया।भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले नेताओं ने कहा कि पिछले 30 वर्षों से हम कांग्रेस के साथ थे लेकिन कांग्रेस के नेताओं ने और पूर्व विधायकों ने हमारे क्षेत्र की कभी शुद्ध नहीं ली कोई विकास कार्य नहीं किया हमारा क्षेत्र अति पिछड़ा रह गया "विधायक बरडे जी का कार्य, दृष्टिकोण और जनता के प्रति समर्पण ही हमें भाजपा से जुड़ने के लिए प्रेरित कर रहा है। अब हम भी विकास की इस धारा का हिस्सा बनकर क्षेत्र की सेवा करेंगे।"वही विधायक जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मेरी विधानसभा में लगातार अनेक ग्राम पंचायत के सरपंच एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी से जुड़ रहे हैं इसका एकमात्र कारण है प्रदेश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी की सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और गरीबों के लिए गांव के लिए मजदूरों के लिए पूरे देश में चलाई जा रही अनेक जल कल्याणकारी योजनाएं तथा प्रदेश की यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय डॉक्टर मोहन जी यादव द्वारा इस प्रदेश को देश का सर्वश्रेष्ठ प्रदेश बनाने के सपनों के साथ माता बहनों एवं नागरिकों के जीवन में उजाला फैलाने वाली योजनाओं से चारों ओर विकास की गंगा बहाना इस ऐतिहासिक पल ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि क्षेत्र की जनता विकास और समर्पित नेतृत्व के साथ है नव प्रवेश करने वाले कार्यकर्ता प्यारे लाल जाधव रायदास भाई सुभाष पटेल प्रीत जाधव कुंदन जाधव प्रेम जाधव कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नेता वी पी सिंह राम सोनवाने वरिष्ठ पार्षद महेश गोले युवा नेता जयप्रकाश पाटिल हितेंद्र हरसोला योगेश जैन पुंडलीक गोसावी सरपंच सुनील भाई जाधव, रामू मालचे ,राजु ठेकेदार कालू भाई अटक कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ नेता प्रकाश जोशी ने किया।

# नेत्रम संस्था के प्रयासों से दो नेत्रदान, समाज के लिए प्रेरणादायक मिसाल





**दैनिक रणजीत टाइम्स**

रतलाम । रतलाम शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के दो परिवारों ने अपने दिवंगत स्वजनों का नेत्रदान कर समाज के लिए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। इन नेत्रदानों के माध्यम से चार दृष्टिहीन व्यक्तियों को दृष्टि मिलने की आशा बनी है। पहला नेत्रदान डोंगरे नगर निवासी स्व. मोहनलाल अग्रवाल (उस्ताद) के पुत्र स्व. मांगीलाल अग्रवाल के निधन उपरांत, उनके परिजनों ने ओमप्रकाश अग्रवाल एवं सुनील गोयल की प्रेरणा से उनका नेत्रदान करने का निर्णय लिया। कार्निया संकलन की संपूर्ण प्रक्रिया एम. के. इंटरनेशनल आई बैंक, इंदौर के तकनीशियन द्वारा सम्पन्न की गई। दूसरा नेत्रदान ग्राम सिमलावदा निवासी स्व. दशरथ पाटीदार की धर्मपत्नी स्व. श्रीमती मोहनबाई पाटीदार के निधन पर उनके पुत्र कमलेश पाटीदार, पुत्री किरण पाटीदार एवं परिजनों ने सुरेश पाटीदार और जगदीश पाटीदार की प्रेरणा से नेत्रदान का निर्णय लेकर नेत्रम संस्था को सूचित किया। नेत्रम संस्था के हेमंत मूणत ने जानकारी दी कि परिजनों की सहमति मिलते ही संस्था ने गीता भवन न्यास, बड़नगर को सूचित किया। न्यास के ट्रस्टी एवं नेत्रदान प्रभारी डॉ. जी.एल. ददरवाल अपनी टीम सहित तत्काल सिमलावदा पहुंचे और नेत्रदान की प्रक्रिया को विधिवत संपन्न किया।

इस दौरान नेत्रम संस्था के बंशीलाल पाटीदार, मदन पाटीदार, बद्रीलाल पाटीदार, भगवतीलाल पाटीदार, शांतिलाल खेड़ावाले समेत आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। संस्था द्वारा परिजनों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनकी उदारता और समाजसेवा की भावना को सम्मानित किया गया। नेत्रम संस्था इन परोपकारी परिवारों के प्रति गहन कृतज्ञता प्रकट करती है और समाज में नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु अपने निरंतर प्रयासों का संकल्प दोहराती है। इन परिवारों की प्रेरणादायी पहल निश्चित रूप से समाज के अन्य लोगों को भी नेत्रदान के लिए प्रेरित करेगी और अनेक दृष्टिहीन व्यक्तियों के जीवन में प्रकाश लाएगा।

# जयकारों के साथ मंदिर के शिखर पर चढ़ाई ध्वजा की कलश स्थापना भजनों पर झूमे श्रद्धालु




**दैनिक रणजीत टाइम्स**

मदुराई (तमिलनाडु) .. यहां श्री मदुराई राजस्थानी सेवा समाज ट्रस्ट द्वारा श्री अम्बे माताजी मंदिर में अम्बे माँ मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान धर्म, संस्कृति व सामाजिक चेतना के अद्भुत संगम की झलक देखने को मिली। प्रवासी प्रवक्ता दिनेश सालेचा ने बताया कि श्री मंगलाईनाथजी महाराज के पावन सानिध्य में प्राण - प्रतिष्ठा के सम्पूर्ण आयोजन सम्पन्न हुए। तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन को स्वामी श्री गणेशानंद गिरिजी महाराज की निश्रा में पंडित निम्बेशजी शास्त्री ने पुजन, हवन यज्ञ आहुतियां आदि वैदिक मंत्रोच्चार से सम्पन्न करवाई। इस अवसर पर आयोजित समारोह में देश के अनेक राज्य से पधारें संतों, सांसद, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों ने अपने विचार रखते हुए मंदिर निर्माण को सिर्फ धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक जागरण का केंद्र बताया। समारोह में समाज के हजारों श्रद्धालु, ग्रामीणजन, साधु-संतों और मदुरै के अनेक समाज व संस्थाओं सदस्य व मंडलों की उपस्थिति रही। भजन-कीर्तन, धार्मिक झांकियां, शोभायात्रा व महाप्रसादी जैसे कार्यक्रमों ने आयोजन को भव्यता व भक्तिभाव से परिपूर्ण बना दिया। महोत्सव के दौरान श्री देवगिरीजी महाराज, श्री नारायणगिरीजी महाराज,श्री काशिनाथजी महाराज, श्री बाबूगिरीजी महाराज, श्री प्रेमभारतीजी महाराज, श्री वल्लभ गोविन्ददासजी महाराज, श्री शिवगिरीजी महाराज,श्री भीमगिरीजी महाराज, श्री जगदीशजी महाराज, श्री प्रेमानंद जी महाराज, श्री कानारामजी महाराज, संतश्री कृपारामजी महाराज, सहित कई संतो का सानिध्य प्राप्त हुआ। महोत्सव में भाजपा प्रदेश पूर्व अध्यक्ष सतीशजी पूनिया, सांसद जालोर सिरोही लुम्बारामजी चौधरी, पूर्व विधायक मदनजी प्रजापत, पचपदरा, रविंद्रसिंहजी भाटी शिव विधायक, मौजूद रहे। अम्बे माताजी के शिखर पर अमरध्वजा हुकुमसिंहजी सुपुत्र जवानसिंहजी दहिया परिवार ने चढाई गई एवं मुख्य कलश की स्थापना विक्रमसिंहजी दलपतसिंहजी शम्भूसिंहजी सुपुत्र जबरसिंहजी राठौड़ परिवार ने की। अंतिम दिन महाप्रसादी श्री मदुराई राजस्थानी सेवा समाज ट्रस्ट द्वारा रखी गई। महोत्सव में साधु- संतों व सांसद विधायक सहित समारोह के लाभार्थियों का सम्मान किया। मदुरै नगरवासियों ने आयोजन में पूरी सहभागिता दिखाई। पुरुष, युवाओं ने तैयारियो में सक्रिय रहे। श्रद्धालुओं के लिए भोजन, पानी, और आवास की उत्तम व्यवस्था की गई। महोत्सव को सफल बनाने में सेवा समाज ट्रस्ट मण्डल के ट्रस्टीगण सेवा समाज सभा के पदाधिकारीगण सहित सेवा समाज के सदस्यगण युवा कार्यकताओं का विशेष योगदान रहा। सेवा समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष मोहनलालजी चौधरी व सभा के अध्यक्ष जुहारसिंहजी ने सभी का धन्यवाद सहित आभार व्यक्त किया।

# आसमान से प्रतिष्ठित होकर शिवलिंग बन गए

## ॐकारेश्वर महादेव - साईं मंदिर पर लगा भक्तों का तांता

दैनिक रणजीत टाइम्स

**थांदला। धर्म भूमि थांदला में धर्म की गंगा सतत प्रवाहित हो रही है। यहाँ हिन्दू सनातन संस्कृति में प्रेम व सद्भावना का अनूठा संगम देखने को मिलता है।**

नगर के एक मात्र साईं मंदिर के 27 वें स्थापना दिवस पर शिव साईं भक्त मण्डल व त्रिमूर्ति महिला मंडल के संयुक्त तत्वाधान में शिव परिवार व हनुमानजी महाराज की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई। जानकारी देते हुए संस्थापक ललित शर्मा, अध्यक्ष महेश गढ़वाल व पवन नाहर ने बताया कि साईं शिव भक्तों की बरसों से इच्छा थी कि साईं मंदिर परिसर में शिव परिवार को भी स्थापित किया जाये ताकि धमवलम्बियों को एक ही स्थान पर ज्यादा देव दर्शन व भक्ति का लाभ मिल सके। सबकी आशा के अनुरूप नगर के विद्वान पण्डित द्वारिका प्रसाद शर्मा व अन्य पंडितों के सानिध्य में साई बाबा के समीप ही शिवलिंग को आसमान से उनकी स्थापना जगह पर व आदिशक्ति माता पार्वती, कुमार कार्तिकेय, विघ्नहर्ता गणेशजी व कष्टभंजन हनुमानजी महाराज को पूरे विधि विधान के साथ प्रतिष्ठित किया गया।



# रिटायर्ड फौजी एसपी यादव के निधन पर श्रद्धांजली सभा

दैनिक रणजीत टाइम्स

नागदा जं. I रिटायर्ड फौजी सत्य प्रकाश यादव का निधन हो जाने पर वर्धमान नगर मेहतवास चौराहे पर उन्हें श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर आत्मा को शांति हेतु कार्यक्रम आयोजित किया। श्रद्धांजली सभा में जितेंद्र यादव, राधाकृष्ण परमार, राकेश खंडेलवाल, महेश बेरवा, दिनेश वाघेला, मदन मालवी, रवि प्रजापत, राजू चौहान, जयेश परमार, मदनलाल, संतोष बैरागी, कमल सिंह ठाकुर, पियुष परमार, आकाश परमार, सूरज साहनी,रोहन, मोहित, आशीष सहित ईष्ट मित्र व क्षेत्रवासी शामिल होकर स्व. यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की। उक्त जानकारी कमलेश परमार ने दी है।



### पुलिस ने अवैध गांजे की तस्करी के विरुद्ध की बड़ी कार्यवाही

# अवैध गांजे के परिवहन करने पर प्रकरण पंजीबद्ध 02 आरोपियों को किया गिरफ्तार, आरोपी के कब्जे से कुल 08 किलो 850 ग्राम गांजा जप्त

दैनिक रणजीत टाइम्स

खरगोन। वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन धर्मराज मीना व अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) भापुसे नरेंद्र रावत, अति. पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमति शकुन्तला रुहल के द्वारा "ऑपरेशन प्रहार" के तहत जिला खरगोन के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व समस्त थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । इसी तारतम्य में अवैध मादक पदार्थ तस्करी की सूचना प्राप्त होने पर थाना बिस्टान पर अवैध मादक पदार्थ गांजे का परिवहन करने वाले 02 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है ।




### घटना का संक्षिप्त विवरण

शनिवार को थाना बिस्टान पर मुखबीर से सुचना प्राप्त हुई कि, 02 व्यक्ति काले रंग की नीले पट्टे वाली बिना नंबर की प्लेटिना मोटर साईकिल पर बीच में पीले रंग की प्लास्टिक की थैली में अवैध गांजा लेकर सिरवेल तरफ से बिस्टान तरफ आ रहे है । मुखबीर सुचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना बिस्टान से पुलिस टीम का गठन किया गया व मुखबिर की सूचना से अवगत करवा कर बिस्टान-सिरवेल रोड़ ग्राम बन्हूर पुलिया के पास रवाना किया गया । पुलिस टीम के द्वारा मौके पर रवाना होकर वहां से गुजरने वाली मोटरसाइकलों पर नजर रखी गई व मुखबिर के बताए हुलिये की मोटरसाइकल के आने का इंतजार किया थोड़ी देर के बाद पुलिस टीम को एक बिना नंबर की प्लेटिना मोटर साईकिल आते दिखाई दी जिसे पुलिस टीम ने घेराबंदी कर रोका । रोके गए दोनों व्यक्तियों से उनका नाम पता पूछने पर उन्होंने अपने नाम लालसिंह पिता जुवानसिंह वास्कले एवं राजू पिता लाडका वास्कले दोनो निवासीयान कुम्हारबेडी चौकी सिरवेल थाना भगवानपुरा का होना बताया जिनके बीच मे एक थैली रखी होना दिखाई दी, जिसे खोल कर चेक करने पर उसमे पुलिस टीम को अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला । पुलिस टीम के द्वारा लालसिंह एवं राजू से गाँजा रखने के संबंध मे वैध दस्तावेज व लाईसेंस के होने का पूछने पर उसने कोई दस्तावेज नहीं होना बताया । पुलिस टीम ने मौके पर से लालसिंह एवं राजू के कब्जे से कुल 08 किलो 850 ग्राम गांजा कीमत लगभग 2,50,000/-रुपये को नियमानुसार विधिवत जप्त किया गया व आरोपी लालसिंह एवं राजू के विरुद्ध थाना बिस्टान पर अपराध क्रमांक 120/25 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया ।

### पुलिस टीम

उक्त की गई कार्यवाही मे अनुविभागिय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग भीकनगाँव राकेश आर्य के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी बिस्टान निरीक्षक श्री इलापसिंह मुजाल्दे के नेतृत्व मे उनि संतोष कुमार कैथवास, उनि ममता वास्केल, कावा प्र.आर. 101 सतीशसिंह कुशवाह, प्रआर. 408 मोतीलाल अश्के, प्रआर 222 मुकेश यादव, आर. 304 राहुल आटपाडकर, आर. 703 अनिल, आर. 977 विनायक, आर 332 यशपाल यादव,आर 130 दुर्गेश मादगे व थाने के अन्य स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

### जबलपुर में बड़ा हादसा टला

# 132 केवी हाई टेंशन लाइन से टकराया डंपर, आधे घंटे तक बिजली बाधित



दैनिक रणजीत टाइम्स

जबलपुर। धनवंतरी नगर स्थित जसूजा सिटी में रविवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। रेत से भरा एक हाइड्रॉलिक डंपर 132 केवी की एक्स्ट्रा हाई टेंशन लाइन के नीचे रेत खाली कर रहा था, तभी उसका ऊपरी हिस्सा ऊपर से गुजर रही नयागांव (जबलपुर) – व्हीकल फैक्ट्री – विनोबा भावे विद्युत लाइन से टकरा गया।

हालांकि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन डंपर को गंभीर क्षति पहुंची और पूरे शहर के एक बड़े हिस्से में करीब आधे घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। यह घटना सुबह लगभग 5:30 बजे की है।

### पहले भी दिए गए थे चेतावनी नोटिस

मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने इससे पहले कई बार जसूजा सिटी सहित जबलपुर व आसपास के क्षेत्रों में निर्माण कार्यों को लेकर लोगों को सतर्क किया था। कंपनी द्वारा प्रशासन और नगर निगम से भी आग्रह किया गया था कि विद्युत सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। इसके बावजूद हाई टेंशन लाइनों के नीचे ऊंचे हाइड्रालिक वाहनों की गतिविधियां और निर्माण कार्य लगातार जारी हैं। आज की यह घटना इसी लापरवाही का परिणाम है, जिससे एक बड़ा हादसा हो सकता था।

### ड्राइवर और मजदूर बाल-बाल बचे

घटना के समय राहत की बात यह रही कि डंपर का ड्राइवर और सभी मजदूर वाहन के बाहर थे, अन्यथा यह दुर्घटना जानलेवा साबित हो सकती थी।

### एमपी ट्रांसको की अपील

एमपी ट्रांसको के मुख्य अभियंता श्री संदीप गायकवाड ने पुनः आम जनता से अपील की है कि वे विद्युत लाइनों के नीचे किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य या ऊंचाई के वाहनों का संचालन न करें। सभी नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे विद्युत सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करें, ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

# पुलिस ने अवैध गौवंश तस्करों के विरुद्ध की बड़ी कार्यवाही

## क्रूरतापूर्वक परिवहन किए जा रहे कुल 07 गौवंश को कराया मुक्त

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

खरगोन वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त निर्देशो के परिपालन मे पुलिस अधीक्षक खरगोन धर्मराज मीना व अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) भापुसे नरेंद्र रावत, अति. पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमति शकुन्तला रुहल के मार्गदर्शन के द्वारा जिला खरगोन के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व समस्त थाना प्रभारियो को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया है। इसी तारतम्य में चौकी हेलापड़ावा थाना चैनपुर पर अवैध गौवंश तस्करों के विरूद्व कार्यवाही की गई है।



घटना का संक्षिप्त विवरण रविवार को चौकी हेलापड़ावा पर मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, एक पिकअप वाहन जिसमे क्रूरतापूर्वक अवैध गौवंश है, थोड़ी देर के बाद चौकी के सामने से गुजरने वाली है। मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम के द्वारा चौकी के सामने बैरिकेड लगा कर वाहन चेकिंग शुरू की गई व आने जाने वाले वाहनों पर नजर रखी गई। थोड़ी देर के बाद चिरिया तरफ से एक पिकअप वाहन आता दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम ने रोकने का प्रयास किया परंतु पिकअप के वाहन चालक ने पिकअप न रोक कर गाड़ी तेज गति से आगे निकल ली। पुलिस टीम के द्वारा तत्काल पिकअप वाहन का पीछा किया पुलिस टीम को पीछे आता देख पिकअप का वाहन चालक पिकअप वाहन छोड़ कर मौके से भाग निकला। मौके पर छोड़ कर गए पिकअप वाहन को चेक करने पर उसमे क्रूरतापूर्वक 07 गौवंश भरे होना पाए गए, जिन्हे पुलिस टीम के द्वारा मुक्त कराया गया। पुलिस टीम के द्वारा पिकअप वाहन क्रमांक MP10ZF8790 कीमती लगभग 10,00,000/- रुपये को नियमानुसार विधिवत जप्त कर पिकअप वाहन चालक के विरुद्ध चौकी हेलापड़ावा थाना चैनपुर पर अपराध क्रमांक 199/25 धारा 4,6,9 म.प्र.गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम तथा 11(1)(घ) पशु क्रुरता निवारण अधिनियम का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। मौके से फरार पिकअप वाहन चालक को पुलिस टीम के द्वारा शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

पुलिस टीम-उक्त की गई कार्यवाही मे अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग भीकनगाँव राकेश आर्य के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी चैनपुर निरीक्षक श्री नाथुसिंह रंधा नेतृत्व में चौकी हेलापड़ावा प्रभारी उनि श्री रमेश गहलोद, सउनि चंद्रकांत महाजन व 869 हरीनारायण का विशेष योगदान रहा।

# काजल की कोठरी से जो बचकर बाहर आ जाए वहीं उसका सम्मान

## हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर हुआ कार्यशाला का आयोजन, वरिष्ठ पत्रकारों का हुआ सम्मान

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

उज्जैन। राजनेता और पत्रकार दोनों की स्थिति एक जैसी है, यह काजल की कोठरी है और इससे बचकर जो बेदाग बाहर आ जाए वहीं उसका सम्मान हैं। उपरोक्त विचार निगम सभापति कलावती यादव के है। वे गत दिवस प्रेस क्लब द्वारा हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संबोधित कर रही थीं। इस मौके पर प्रेस क्लब द्वारा वरिष्ठ पत्रकारों को शॉल श्रीफल से सम्मानित भी किया गया। इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिले के प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा की वह प्रेस क्लब में पत्रकारों से मिलकर प्रभावित है। आपने कहा की माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जो जनहित के कार्य चल रहे है उसे मीडिया प्रमुख रूप से प्रसारित कर रही हैं। आयोजन में मुख्य वक्ता के रूप में कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने कहा की समाज का दायित्व भी पत्रकारों का है हमें अपने लाभ को न देखते हुए यह लाभ किसी जरूरतमंद के लिए छोड़ देना चाहिए। आप ने कहा की मीडिया किसी भी दुर्घटना का वीडियो न बनाए अपितु घायलों की सहायता कर सच्ची पत्रकारिता का उदाहरण पेश करें। पत्रकार देखें की शासकीय स्कूल में शिक्षक समय पर आए और गांव के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले। अपने शहर की चिंता हमें स्वयं करनी होगी।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने कहा की उज्जैन की मीडिया सकारत्मक है ओर शासन प्रशासन के साथ तालमेल बना कर चलता हैं। इस मौके पर अतिथि के रूप में अपना चैनल के डायरेक्टर नंदलाल यादव, वरिष्ठ पत्रकार सुनील जैन, दैनिक अवंतिका संपादक सुरेन्द्र मेहता सुमन, वरिष्ठ पत्रकार नितिन चावड़ा भी उपस्थित रहे। शुभारंभ दीपप्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर अतिथियो का स्वागत अध्यक्ष विशाल सिंह हाड़ा एवं अन्य पदाधिकारियों ने किया। कार्यक्रम में सचिव विक्रमजाट, उपाध्यक्ष प्रदीप मालवीय, डॉ. जीएस चौहान, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र ठाकुर सहसचिव रवि सेन व अन्य कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में उज्जैन शहर के वरिष्ठ पत्रकारों का षष्ठीपूर्ति सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित थे। स्वागत भाषण विशाल सिंह हाड़ा, संचालक पत्रकार डॉ. मीनाक्षी गुप्ता एवं आभार सहसचिव रवि सेन द्वारा दिया गया।




# मनरेगा योजना से बंजर जमीन में लगाया आम का बगीचा

## स्व सहायता समूह की महिलाओं की मेहनत से हुई लाखों की कमाई

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

खरगोन । कहते हैं अगर आदमी की खून पसीने की मेहनत बंजर जमीन को भी हरियाली में बदल सकती है। ऐसा ही कुछ सपना साकार हुआ है झिरन्या जनपद की ग्राम पंचायत देवीतबुजुर्ग में। यहां पर बंजर पड़ी जमीन में मनरेगा योजना से आम का बगीचा लगाकर स्व सहायता समूह द्वारा लाखों की कमाई की जा रही है।

कहानी शुरू होती है 2018 में जब मनरेगा योजना से वृक्षारोपण लगाने की बात चली ऐसे में अपर वेदा डैम के नीचे बंजर पड़ी जमीन जिसका कोई उपयोग नहीं होता था। इस जमीन को ग्राम पंचायत ने आम के बगीचा लगाने के लिए चुनाव किया। यहां पर भूमिका आजीविका स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा 1875 पौधे लगाए गए। इन पौधों की देखरेख का पूरा जिम्मा ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा योजना से 15 लाख 33 हजार की राशि दी गई। अब यह बगीचा आम के फलों से लदे है इस वर्ष बगीचे ने अच्छी कमाई की है। स्व समूह की अध्यक्ष श्रीमती टीना बाई, सचिव सीमा बाई व अन्य सदस्य मुन्नी बाई, सुनीता बाई, राधाबाई, भगवती बाई द्वारा आम के बगीचा के फलों को देखकर बहुत ही खुशी जाहिर कर बताया कि हमें मनरेगा योजना से मजदूरी और सामग्री मिल रही हैं। इस वर्ष आम के रसीले फल बेचकर लगभग 01 लाख 80 हजार रुपए की कमाई हुई है। देवत बुजुर्ग के सचिव विशाल जायसवाल ने बताया गया कि आम के बगीचा की काफी देखभाल की जा रही है, यहां पर आधुनिक तकनीक सिंचाई के लिए ड्रिप इरीगेशन, खाद दवाई का उपयोग भी कर रहे हैं। यह बहुत ही हरा भरा हो गया है। महिलाएं द्वारा इनमें निरंतर काम किया जा रहा है।




परियोजना अधिकारी श्री श्याम रघुवंशी द्वारा बताया गया कि आम की उन्नत वैरायटी दशहरी, लंगड़ा, चौसा को इस प्रोजेक्ट में लगाया गया है। ताकि महिलाओं को इससे अच्छी आय हो सके। अब यह बगीचा आने वाले समय में 8 से 10 लाख रुपए की आय समूह को हो सकती है। देवीत बुजुर्ग में लगाए गए इस सामुदायिक वृक्षारोपण की हरियाली देखते ही मन को मोह लेती है। जब गर्मी में 47 डिग्री तापमान जाता है तो यह यह बगीचा ही ठंडक पैदा करने का काम करती है तथा यहां के रसीले आम अब आसपास के बाजारों में पहुंचने के लिए तैयार है। स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा यहां पर सामुदायिक पोषण वाटिका के रूप में सब्जी उत्पादन का काम भी लिया जा रहा है। वर्तमान में बैगन, लौकी गिलकी की सब्जियों की फसल लहरा रही है। विगत 5 वर्षों में इस समूह इस प्रोजेक्ट पर मनरेगा योजना से 11.75 लाख की मजदूरी वह 3.58 लाख की सामग्री दी गई है। सरपंच श्री राधे श्याम दंगोड़े द्वारा बताया गया कि वर्तमान में यहां पर आम के 1632 पौधे जीवित होकर विशाल वृक्षारोपण तैयार हो चुका है। अब आने वाले समय में इसमें ज्यादा लागत नहीं होगी तथा यह एक जीवन भर स्थाई आजीविका स्रोत होगा।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश सिंह द्वारा बताया गया कि बंजर जमीन का सदुपयोग मनरेगा योजना से वृक्षारोपण लगाकर किया जा सकता है। इस वर्ष भी ग्राम पंचायत के महिला स्व सहायता समूह को फलदार पौधारोपण एवं बांस रोपण के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। बांस रोपण व फलदार पौधों के रोपण से समूह को आने वाले 30 से 40 साल तक लगातार आए होगी। नए वृक्षारोपण तैयार करने तथा समूह को लाभ देने के लिए सभी जनपद पंचायत को निर्देश दिए गए हैं। बंजर जमीन का सदुपयोग मनरेगा योजना से लागत और महिलाओं की मेहनत ने दिखाया है। ऐसे प्रोजेक्ट आने वाले समय में कई ग्राम पंचायत में छोटे-छोटे स्व सहायता समूह को अपनी आय बढ़ाने दीदियों को लखपति बनने में बहुत ही सहायक सिद्ध होंगे।

# भाजपा मंडल द्वारा लोकमाता अहिल्या बाई की जयंती पर संगोष्ठी आयोजित

**दैनिक रणजीत टाइम्स**



पिपलौदा । भाजपा मण्डल द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयन्ती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम लोकमाता के चित्र पर मालार्पण कर आयोजन की शुरुवात हुई।

इस दौरान पूर्व मण्डल अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह गुडरखेड़ा ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की एक ऐसी अद्वितीय महिला शासक थीं, जिन्होंने न केवल एक शक्तिशाली प्रशासक के रूप में बल्कि एक महान समाजसेवी और धर्मपरायण महिला के रूप में भी अपनी अमिट छवि स्थापित की। मण्डल कोषाध्यक्ष कचरूलाल जाट ने कहा कि अहिल्याबाई का शासनकाल सामाजिक, धार्मिक और प्रशासनिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध रहा।

महिलाओं के उत्थान के लिए लोकमाता ने किए अनेक कार्य

उपाध्यक्ष भंवरलाल धनगर, महेश बोहरा, नानालाल शाह ने कहा कि अहिल्या बाई ने महिलाओं के उत्थान, विधवा पुनर्विवाह, शिक्षा और धार्मिक सहिष्णुता को बढ़ावा देने के लिए अनेक कार्य किए। नगर भाजपाध्यक्ष मुकेश मोगरा ने बताया कि लोकमाता एक कुशल प्रशासक थीं जिन्होंने राज्य में शांति और समृद्धि स्थापित की। उन्होंने भारत के कई प्रमुख तीर्थस्थलों का पुनर्निर्माण और जीर्णोद्धार कराया। पार्षद प्रवीण सिंह राठौर ने कहा कि लोकमाता का शासन न्यायप्रियता, प्रशासनिक दक्षता और जनकल्याण की दृष्टि से आदर्श माना जाता है। युवा मोर्चा के देवेंद्र भारद्वाज ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर का जीवन समर्पण, सेवा, न्याय और धर्म की मिसाल है। संचालन युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष प्रफुल जैन ने किया आभार भाजपा मण्डल महामंत्री भँवरगिरी गोस्वामी ने माना।

**समाजजनो का किया सम्मान**

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गायरी समाज के पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष धन्नाजी भगत, गायरी समाज के जिलाध्यक्ष भंवरलाल धनगर राकोदा, मांगीलाल धनगर, भंवर धनगर पिपलौदा, दिनेश धनगर राकोदा, पवन धनगर, अर्जुन धनगर आदि समाजजनो का स्वागत सम्मान किया।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थित**

इस अवसर पर मण्डल महामंत्री प्रकाशचंद्र डाबी, उपाध्यक्ष लोकेंद्र सिंह बड़ोदा, इंद्रजीत सिंह सिसोदिया, भेरूसिंह अयाना, नाथूलाल बोस, मनमोहन सिंह राणा, सुरेंद्र सिंह सोनू, मुकेश जाट, पार्षद नरेंद्र नागर, बंशीदास बैरागी, मांगूसिंह राठौर, शुभम सिंह अयाना, युवा मोर्चा अध्यक्ष लिपेश राठौड़, महेंद्र भारती, राहुल पाटीदार आदि उपस्थित थे।

# तंबाकु निषेध दिवस पर गायत्री परिवार द्वारा निकाली जनजागरण रैली




**दैनिक रणजीत टाइम्स**

नागदा जं. I गायत्री शक्तिपीठ नागदा की कार्यकर्ता ममता बैरागी ने बताया कि शान्तिकुंज हरिद्वार द्वारा संचालित सप्तसुत्रीय आंदोलन अंतर्गत व्यसन मुक्ति अभियान चलाया है जिसे सम्पूर्ण देश में गायत्री परिवार के सृजन सेनानी संचालन कर रहे है और करोड़ो लोगों को व्यसन मुक्ति का संदेश दे रहे है।

बैरागी ने बताया कि इसी अभियान के अंतर्गत अखिल विश्व गायत्री परिवार एवं गायत्री शक्तिपीठ नागदा द्वारा 31 मई विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर जनजागरण रैली निकाली गई। तंबाकु एक ऐसा नशा है जो धीरे-धीरे व्यक्ति के शरीर को अंदर से खोखला कर देता है। इसका धुम्रपान सिगरेट, बीड़ी और गुटखा खैनी आदि के रूप में किया जाता है। तंबाकु में निकोटिन नामक हानिकारक रसायन होता है जो शरीर में कई गंभीर बिमारियों का कारण बनता है जैसे कैंसर, हृदय रोग, श्वसन तंत्र की समस्याएं और दांतो का खराब होना। तंबाकु सेवन केवल स्वयं के लिये नहीं बल्कि दूसरों के लिए भी हानिकारक होता है। जो लोग तम्बाकु नहीं लेते वे भी परोक्ष रूप से पैसिव स्मोकिंग का शिकार हो जाते है। इसलिये सार्वजनिक स्थानों पर तंबाकु सेवन पर रोक लगाई गई है।

रैली में शकुंतला सिकरवार, शक्ति राठौड, कलाश्री सेठिया, प्रिशा सेठिया, पुष्पा पांचाल, नंदा सोन, मंजु गुर्जर, लीला गोयल, ज्योति पांचाल, लता पंवार, राजेन्द्र सिंह, अग्निवेश पाण्डे, विराट बैरागी सहित बड़ी संख्या में भाई-बहन मौजूद रहे।

# सिक्ख पंथ के पांचवे गुरु "अर्जन देव जी" के शहीद दिवस पर, ठंडे शरबत का वितरण

## आनंद कृष्ण होटल (टॉवर चौराहा) पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि सिक्ख समाज के समाज सेवकों द्वारा, की गई सेवा

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

इंदौर I सिक्ख समाज के भाजपा नेता रिंकी गांधी, सांसद प्रतिनिधि डॉ. संतोष वाधवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि सिख पंथ के पांचवें "श्री गुरु अर्जन देव" जी का पुण्य स्मरण कर 1500, लीटर "ठंडे शरबत" का वितरण किया गया इस पुनीत कार्य में बड़ी संख्या में समाज के और जनप्रतिनिधि भी शामिल रहे विशेष रूप से, भाजपा नेता रिंकी गांधी, सांसद प्रतिनिधि विशाल गिद्वानी, राजू टुटेजा, बलमीत सिंह छाबड़ा, डॉ संतोष वाधवानी, भाजपा नेता गगन खुबानी, मनीष बाशानी,




अशोक ठाकुर , द्वारा सेवा दी गई !

# गुरु भक्त मंडल के युवा सदस्यों का वार्षिक मिलन समारोह सम्पन्न

**दैनिक रणजीत टाइम्स**



खाचरौद । मानवसेवा एवं जीवदया के कार्यों के लिए पहचाने जाने वाली नगर की सामाजिक संस्था गुरु भक्त मंडल के युवा सदस्यों का वार्षिक मिलन समारोह एवं साधारण सभा द ग्रैंड पदमा होटल जावरा में संपन्न हुई। जिसमें संस्था अध्यक्ष हर्षित चौरड़िया (एडवोकेट) के कार्यकाल का समापन तथा आगामी वर्ष के लिए नवीन कार्यकारिणी का चयन हुआ। कार्यक्रम के व्यवस्था संयोजक प्रतीक बुडावनवाला ने सभा का प्रभावी संचालन किया।

शुरुआत में अध्यक्ष हर्षित चौरड़िया ने संबोधित करते हुए उन्हें व उनकी कार्यकारिणी मंडल को वर्षभर मिले सहयोग के लिए संस्था सदस्यों का आभार प्रकट किया। सचिव अंकुर जैन व कोषाध्यक्ष मोहित जैन MR ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि अध्यक्ष चौरड़िया के नेतृत्व में इस वर्ष रक्तदान शिविर, गौसेवा, धार्मिक कवि सम्मेलन, पक्षियों को दाना पानी, श्वानों को दुग्धसेवा, महावीर चित्रकला प्रतियोगिता, तपस्वी बहुमान, विद्यार्थियों को शिक्षा सामग्री वितरण, स्वास्थ्य परामर्श शिविर, पर्यावरण जागृति तथा पौधारोपण जैसे शासन प्रभावना, जीवदया एवं मानवसेवा की गतिविधियां दानदाताओं के सहयोग एवं संस्था सदस्यों की सहभागिता से संपन्न हुई।

तत्पश्चात आगामी कार्यकाल वर्ष के लिए मोहित MR भटेवरा को सर्वसहमति से नवीन अध्यक्ष चुना गया। सभा में सभी सदस्यों ने अपने विचार रखते हुए चौरड़िया को उनके सफल कार्यकाल की बधाई दी तथा नवीन अध्यक्ष भटेवरा को आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में संस्था सदस्य सौरभ बुपक्या, चिराग जैन, ऋषभ संचेती, अर्पित चौरड़िया, सुमित बुपक्या, विजेश भटेवरा, आयुष बरडिया, श्रेयांस बुपक्या, नमन बुपक्या, पयूर चंडालिया, अक्षय जैन, नमन भटेवरा उपस्थित रहे।